भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **तारांकित प्रश्न सं. 363**

<u>दिनांक 07 जनवरी, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

मसाला उत्पादकों के लिये विशेष पैकेज

*363. एडवोकेट जोएस जॉर्ज:

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की मसाला उत्पादकों विशेषकर इलायची, काली मिर्च इत्यादि के उत्पादकों के लिये किसी विशेष पैकेज देने की योजना है, क्योंकि केरल में बाढ से मसाला उत्पादकों की फसल को बुरी तरह क्षति हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार ने यह आकलन किया है कि बाढ आने के उपरांत कितनी क्षति हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने इस बात की ओर ध्यान दिया है कि फसल के ऐसे नुकसान से उत्पादकों के समक्ष गहन समस्याएं आई हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस क्षेत्र में पुनः सुधार के लिये क्या कदम उठाये गये हो?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री सुरेश प्रभु)

(क) से (ड.): एक विवरण सदन पटल पर रख दिया गया है।

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 4365**

दिनांक 7 जनवरी,2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

बासमती चावल के निर्यात में वृद्धि/कमी

4365. श्री राघव लखनपालः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान देश से निर्यात होने वाले बासमती चावल की मात्रा में कोई वृद्धि हुई है अथवा कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या विभिन्न देशों से देश में कृषि उत्पादों के पाटन की घटनाएं सामने आई हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन घटनाओं को रोकने तथा कृषि पदार्थों के संदर्भ में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उदयोग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी आर चौधरी)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान बासमती चावल से भारत के निर्यात का विवरण निम्नलिखित हैं:

मात्रा एमटी में; मूल्य अमरीकी डालर में

2015-16		2016-17		2017-18	
मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य	मात्रा	मूल्य
4,045,822.29	3477.98	39,85,1956	3216.59	4,056,758.62	4169.48

स्रोत: डीजीसीआई एण्ड एस /एपीडा

हांलाकि 2016-17 के दौरान निर्यात में मामूली सी गिरावट आई परंतु 2017-18 के दौरान मूल्य के रूप में उल्लेखनीय वृद्धि हुई । बासमती चावल जैसे कृषि उत्पादों का निर्यात अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू मांग एवं आपूर्ति की स्थिति, अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू कीमत, आयातक देशों की गुणवत्ता मानकों आदि जैसे कई कारकों पर निर्भर करता है ।

(ग) अन्य देशों से कृषि उत्पादों के पाटन का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त, कृषि उत्पादों पर पाटन-रोधी शुल्क अधिरोपित किए जाने के लिए कोई आवेदन व्यापार प्रतिकार महानिदेशालय (डीजीटीआर) के पास लंबित नहीं है।

(ग) उपरोक्त (घ) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

*****

भारत सरकार **लोक सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 4364**

दिनांक 07 जनवरी, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

निर्यातकां हेतु ब्याज संबंधी राजसहायता

4364. श्री शिवकुमार उदासिः

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पोतलदान पश्चात और पोतलदान पूर्व निर्यात ऋण संबंधो राजसहायता की ब्याज दर में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधो ब्यौरा क्या है;

(ख) रोजगार को प्रोत्साहन देने वाले श्रम बहुल क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए इस योजना के अंतर्गत दी गई राजसहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राज्य के स्वामित्व वाले बैकरों के असहयोगो रूख से निर्यातकों को नुकसान हो रहा है और सरकारी क्षेत्र (पीएसयू) के बैंकों के अधिकारी निर्यातकों की पहुंच से बाहर है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या इसमें आर्डर लेने लिए इन निर्यातकों के हाथ तंग हो गए है और यदि हों, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी.आर. चौधरी)

(क) जी हां। पूर्व एवं प"च पोतलदान रुपए निर्यात क्रेडिट संबंधी ब्याज समकरण स्कीम (आईईएस) विनिर्माता निर्यातक जो पहचान की गई 416 प्रशुल्क लाइनो के तहत निर्यात कर रहे है तथा सभी सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के विनिर्माताओ हेतु दिनांक 1.4.2015 से उपलब्ध है और इसकी दर 3 प्रति"ात थी। हाल ही में एमएसएमई हेतु परितंत्र को मजबूत करने के लिए दिनांक 02.11.2018 से स्कीम के तहत एमएसएमई क्षेत्र हेतु ब्याज समकरण दर को प्रति वर्ष 3 प्रति"ात से बढ़ाकर 5 प्रति"ात किया गया।

(ख) ब्याज समकरण स्कीम मुख्यताः श्रम गहन और एमएसएमई क्षेत्र के लिए है। ब्याज समकरण स्कीम के तहत अप्रैल 2015 से अगस्त 2018 की अवधि के दौरान पात्र निर्यातकों को 6457 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है।

(ग) से (घ) वाणिज्य विभाग को ऐसी कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 4348**

दिनांक 7 जनवरी,2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

जैविक उत्पादों का निर्यात

4348. श्री सुधीर गुप्ताः

श्री अशोक शंकरराव चव्हाणः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विशिष्ट सुरक्षा मानकों, पता लगाने की क्षमता संबंधी मानकों, मृदा प्रमाणन दिशा–निर्देशों आदि सहित जैविक उत्पादों के निर्यात को सुगम बनाने के लिए कोई नीति अधिसूचित की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और देश की एजेन्सियों का ब्यौरा क्या है जिनके पास जैविक उत्पादों के निर्यात हेतु प्रमाणन का अधिकार है;

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान भारत से प्रमाणित जैविक उत्पादों के निर्यात की मात्रा कितनी है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान इस संबंध में अर्जित विदेशी विनिमय की मात्रा कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा जैविक खाद्यों के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में इसके संवर्धन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उदयोग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी आर चौधरी)

(क): जी हां ।

(ख): वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए वर्ष 2001 से राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) कार्यान्वित किया है :

i. अनुमोदित मानदंडों के अनुसार जैविक कृषि और उत्पादों (वन्य फसल, जलीय कृषि, पशुधन उत्पाद सहित) के लिए प्रमाणन कार्यक्रम के मूल्यांकन के साधन प्रदान करना।

ii. प्रत्यायन की मांग करने वाले प्रमाणन निकायों के प्रमाणन कार्यक्रमों को प्रत्यायित करना ।

iii. जैविक उत्पादों के प्रमाणन को निर्धारित मानकों के अनुरूप सुगम बनाना।

iv. दोनों देशों के बीच समरूपता समझौते के अनुरूप या आयातक देशों की आवश्यकताओं के अनुरूप आयातक देशों के जैविक मानकों की सम्पुष्टता में जैविक उत्पादों के प्रमाणन को सुगम बनाना ।

v. जैविक कृषि एवं जैविक प्रसंस्करण के विकास को प्रोत्साहित करना।

वर्तमान में, देश से निर्यातों के लिए जैविक उत्पादों की प्रक्रिया प्रमाणन हेतु निरीक्षण तथा प्रमाणन के लिए 29 प्रमाणन निकायों का प्रत्यायन किया गया है। प्रत्यायित प्रमाणन निकायों की सूची अनुबंध-I में है।

(ग) एवं (घ): पिछले तीन वर्षों के दौरान देश से निर्यातित प्रमाणित जैविक उत्पादों की मात्रा एवं मूल्य निम्नलिखित है:

वर्ष	निर्यात (मात्रा) (मी.टन)	निर्यात (मूल्य) करोड़ रुपये में	निर्यात (मूल्य) मिलियन अमरीकी डालर
2017-18	458,339	3453.48	516
2016-17	309,767	2478.17	370
2015-16	263,687	1975.87	298

(ड़) जैविक उत्पादों के निर्यात को संवर्धन देना एक सतत प्रक्रिया है। नई लागू कृषि निर्यात नीति आश्वस्त करती है कि जैविक उत्पादों के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। वाणिज्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्तशासी संगठन, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा),को जैविक उत्पादों के निर्यात संवर्धन के लिए अधिदेशित किया गया है । एपीडा अपनी निर्यात संवर्धन स्कीम के विभिन्न घटकों के तहत जैविक उत्पादों के निर्यातकों को सहायता उपलब्ध करता है ।

अनुबंध- I

एनपीओपी के तहत प्रत्यायित प्रमाणन निकायों की सूची	
क्र.सं.	प्रमाणन निकाय का नाम
1	ब्यूरो वेरिटास (इंडिया) प्रा. लिमिटेड
2	इकोसर्ट इंडिया प्रा. लिमिटेड
3	आईएमओ कंट्रोल प्रा. लिमिटेड
4	भारतीय जैविक प्रमाणन एजेंसी (इंडोसर्ट)
5	लैकोन क्वालिटी सर्टिफिकेशन प्रा. लिमिटेड
6	वनसर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
7	एसजीएस इंडिया प्रा. लिमिटेड
8	सीयू इंसपेक्शंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
9	उत्तराखंड राज्य जैविक प्रमाणन एजेंसी (यूएसओसीए)
10	एपीओएफ जैविक प्रमाणन एजेंसी (एजोसीए)
11	राजस्थान जैविक प्रमाणन एजेंसी (आरओसीए)
12	वैदिक जैविक प्रमाणन एजेंसी
13	आईएससीओपी (भारतीय जैविक उत्पाद प्रमाणन सोसाइटी)
14	टीक्यू सर्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व की फूडसर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
15	अदिति औद्योगिक सर्टिफिकेशंस प्रा. लिमिटेड
16	छत्तीसगढ़ प्रमाणन सोसायटी, इंडिया (सीजीसीईआरटी)
17	तमिलनाडु जैविक प्रमाणन विभाग (टीएनओसीडी)
18	इंटरटेक इंडिया प्रा. लिमिटेड
19	मध्य प्रदेश राज्य जैविक प्रमाणन एजेंसी
20	ओडिशा राज्य जैविक प्रमाणन एजेंसी (ओएसओसीए)
21	नैचुरल ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशंस एग्रो प्रा. लिमिटेड
22	फेयर सर्ट सर्टिफिकेशन सर्विसेज प्रा. लिमिटेड
23	गुजरात जैविक उत्पाद प्रमाणन एजेंसी (जीओपीसीए)
24	उत्तर प्रदेश राज्य जैविक प्रमाणन एजेंसी
25	कर्नाटक राज्य जैविक प्रमाणन एजेंसी
26	सिक्किम राज्य जैविक प्रमाणन एजेंसी (एसएसओसीए)
27	वैश्विक प्रमाणन सोसाइटी
28	ग्रीनसर्ट बायोसुलेशंस प्रा. लिमिटेड
29	तेलंगाना राज्य जैविक प्रमाणन प्राधिकरण

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 4330**

दिनांक 7 जनवरी, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

रत्न और आभूषण उद्योग

4330. श्री चन्द्रकांत खैरेः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या प्रमुख रोजगार सृजक क्षेत्र होने के कारण देश की अर्थव्यवस्था में रत्न और आभूषण उद्योग महत्वपूर्ण योगदान करता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या पिछले कुछ वर्षों में रत्न और आभूषण उद्योग गंभीर संकट का सामना कर रहा था और यदि हां, तो सरकार द्वारा इस उद्योग की दशा में सुधार करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) क्या इस वित्त वर्ष के दौरान रत्न और आभूषण के निर्यात में 5 प्रतिशत वृद्धि होने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या यह सच है कि वित्त वर्ष 2017 के 43.16 बिलियन अमेरिकी डॉलर की तुलना में वित्त वर्ष 2018 में इसमें 5 प्रतिशत की गिरावट आई थी और यह घटकर 40.97 बिलियन अमेरिकी डालर रह गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी.आर.चौधरी)

(क) : रत्न और आभूषण क्षेत्र निर्यात के साथ-साथ रोजगार सृजन के मामले में भी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। वर्ष 2017-18 में, देश से रत्न और आभूषण निर्यात कुल पण्यवस्तु निर्यात का 13.69% था। अनुमान के अनुसार, यह क्षेत्र लगभग 5 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

(ख) : रत्न एवं आभूषण उद्योग को सशक्त करने की दृष्टि से, सरकार ने वाणिज्य विभाग की विभिन्न स्कीमों के तहत विशेष अधिसूचित क्षेत्र (एसएनजेड) की स्थापना, रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के लिए सामान्य सुविधा केन्द्र की स्थापना, प्रयोगशाला में बनाए गए हीरों के लिए अलग आईटीसी एचएस कोड सृजन, कटे हुए एवं पालिश किए हुए हीरों एवं कीमती पत्थरों के लिए जीएसटी दरों में कमी, अधिसूचित अभिकरणों एवं बैंकों द्वारा सोने के आयात पर आईजीएसटी से छूट, निर्यातकों को नामांकित अभिकरणों द्वारा सोने की आपूर्ति पर जीएसटी से छूट तथा अंतर्राष्ट्रीय मेलों में सहभागिता करने, क्रेता विक्रेता बैठक के आयोजन, अवसंरचना संबंधी निर्यात के सृजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना आदि जैसे कदम उठाए हैं। इसके अलावा, उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दों को समय-समय पर हल किया जाता है ताकि व्यापार करने में आसानी हो।

(ग) वित्तीय वर्ष 2018-19 (नवंबर, 2018 तक) के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात में 3.46 % की गिरावट दर्शाते हुए विगत वर्ष की समान अवधि के दौरान 28.02 बिलियन अम.डॉ की तुलना में 27.05 बिलियन अम.डॉ. रहा।

(घ) वर्ष 2017-18 के दौरान,रत्न एवं आभूषण निर्यात में 4.3% की गिरावट दर्शाते हुए 43.41 बिलियन अम.डॉ. की तुलना में 41.54 बिलियन था।

****

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 4317**

दिनांक 7 जनवरी, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

भारतीय कृषि उत्पादों पर प्रतिबंध

4317. कुंवर हरिवंश सिंहः
श्री अशोक शंकरराव चव्हाणः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या कुछ देशों ने आज की तारीख में मत्स्य और अन्य समुद्री उत्पादों सहित विभिन्न कृषि उत्पादों/उपज के भारत से आयात पर प्रतिबंध लगाया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उत्पाद–वार और देश–वार इसके क्या कारण हो;

(ग) इसके परिणामस्वरूप भारतीय किसानों की हुई हानि का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने मत्स्य उत्पादन सहित भारतीय कृषि उत्पादों पर से प्रतिबंध हटाने के लिए संबंधित देशों के साथ बातचीत आरंभ की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या परिणाम रहे और सरकार द्वारा इस संबं**ध** में अन्य क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं/किए जा रहे हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी.आर.चौधरी)

(क) : जी हॉ।

(ख) : भारत (मात्स्यिकी एवं अन्य समुद्री उत्पादों सहित) से कृषि उत्पादों के निर्यात पर विभिन्न देशों द्वारा वर्तमान में लागू प्रतिबंध संबंधी सूचना निम्नानुसार है:-

देश	उत्पाद	प्रतिबंध/रोक के कारण
सऊदी अरब एवं कुवैत	कच्चे जमे हुए श्रिंप	विशेष रूप से व्हाइट स्पॉट सिंड्रोम वायरस रोग, श्रिंप को प्रभावित करने वाले महामारी रोगों का उद्भव कुवैत ने भी भारत में फार्म किए गए झींगो पर एक अस्थायी प्रतिबंध लगाया है।
सऊदी अरब एवं कुवैत	मछलियॉ	भारत में उत्पादित मछलियों की अस्पष्ट स्वास्थ्य स्थिति

देश	उत्पाद	प्रतिबंध/रोक के कारण
कनाडा	सिर पर शैल वाली श्रिंप	भारत में जलीय जंतु स्वास्थ्य के लिए सक्षम प्राधिकारी के साथ जू-सैनिटरी निर्यात प्रमाणपत्र पर बातचीत नहीं हुई।
ऑस्ट्रेलिया	कच्चे जमे हुए श्रिम्प/प्रॉन	श्रिंप और श्रिंप उत्पादों के लिए अंतिम जोखिम विश्लेषण रिपोर्ट पर ऑस्ट्रेलिया सरकार द्वारा प्रकाशित कठोर जैव सुरक्षा सलाह 2009/25 के कारण निलंबित कर दिए गए।
मैक्सिको	सूखी मिर्च	ट्रोगोडर्मा लार्वा के पता चलने के कारण निलंबित किया गया।
सऊदी अरबीया	केरल से बागवानी उत्पाद	निपाह वायरस के फैलने के कारण
यूएई	कुक्कुट उत्पाद	एवियान इंफलेंएजा के फैलने के कारण

(ग) घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तर पर हमेशा उपलब्ध उत्पादों के निपटान के लिए वैकल्पिक रास्तों के कारण इस तरह के प्रतिबंधों से किसानों को हुए नुकसान की मात्रा निर्धारित करना संभव नहीं है।

(घ) एवं (ड.) सरकार भारतीय कृषि उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबंध को समाप्त करवाने के लिए हर संभव कदम उठाती है। इस मामले को भारतीय दूतावास के माध्यम से संबंधित देशों के प्रासंगिक अधिकारियों के साथ उठाया गया है। प्रतिबंध के कारण को समाप्त करने के लिए सुधारात्मक कार्रवाई, यदि आवश्यक है की जा रही है। इन देशों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्रतिक्षित है।

***

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं .4315**

दिनांक 7जनवरी को दिए जाने वाले उत्तर

जड़ी बूटी और जड़ी बूटी उत्पादों का निर्यात

4315. डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः
श्री मोहिते पाटिल विजयसिंह शंकररावः
श्री धनंजय महाडीकः
श्री सातव राजीव :
श्रीमती सुप्रिया सुलेः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों के प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान देश में बने जड़ी बूटी उत्पादों और जड़ी बूटियों के कुल निर्यात का देश और मूल्य–वार ब्यौरा क्या है;
(ख) जड़ी बूटी और जड़ी बूटी उत्पादों के कुल वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या यूरोपीय और अन्य विकसित देशों में भारतीय जड़ी बूटियों के लिए भारी मांग है;
(घ) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश से इन उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने हेतु कोई योजना तैयार की है और इस प्रयोजन हेतु निर्यातकों को प्रोत्साहन प्रदान किया है; और
(ङ) सरकार द्वारा उक्त निर्यात को प्रोत्साहन देने और जड़ी बूटी के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी में वृद्धि करने हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उदयोग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी आर चौधरी)

(क) विगत तीन वर्ष एवं वर्तमान वर्ष के लिए जड़ी-बूटी एवं जड़ी बूटी उत्पादों का निर्यात मूल्य में :

मूल्य अम.डा. मिलियन में

वस्तु	2015-16	2016-17	2017-18	अप्रैल - नवंबर, 2019 (अनंतिम)
पौध एवं पौधे का हिस्सा (जड़ी बूटी)	274.14	289.07	330.18	205.45
आयुष एवं जड़ी बूटी उत्पाद	364.00	401.68	456.12	290.96

विगत तीन वर्षों एवं वर्तमान वर्ष के लिए जड़ी-बूटी एवं जड़ी बूटी उत्पाद का देश-वार निर्यात **अनुबंध-I** में देखा जा सकता है।

(ख) वर्तमान में विश्व हर्बल व्यापार का कुल मूल्यांकन 120 अम.डॉ. बिलियन में किया जाता है। जड़ी बूटी और जड़ी बूटी उत्पादों के वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी निम्नलिखित कारणों से निम्न है : -

i. अपर्याप्त कृषि परिपाटी।
ii. अपर्याप्त गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रिया।

iii. बड़े पैमाने पर जैविक खेती का अभाव ।

iv. प्रसंस्करण एवं आर एंड डी का अभाव ।

v. उत्पाद, प्रसंस्करण एवं सेवा में मानकीकरण का अभाव ।

vi. औषधीय पौधों के व्यापार में नियामक ढांचे का अभाव ।

हालांकि, जड़ी - बूटियों तथा औषधीय जड़ी- बूटियों के मूल्य वर्धित अर्क का निर्यात इन वर्षों में धीरे-धीरे बढ़ रहा है । भारत ने 2017-18 के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में 14.22% की वृद्धि दर के साथ 330.18 अम. डा. मिलियन मूल्य की जड़ी-बूटियों का निर्यात किया । वर्ष 2017-18 के दौरान औषधीय जड़ी बूटी के मूल्यवर्धित अर्क / जड़ी बूटी उत्पादों का निर्यात विगत वर्ष की तुलना में 12.23% की वृद्धि दर्ज करते हुए 456.12 अम. डॉ. मिलयन रहा ।

(ग) और (ड.) जड़ी बूटी /औषधीय जड़ी बूटी के मूल्य वर्धित अर्क की मांग विदेश में, विशेष रूप से यूरोपीय और अन्य विकसित देशों में धीरे-धीरे बढ़ रही है।

भारत के निर्यात को बढ़ावा देने के क्रम में, सरकार ने कई उपाय किए हैं : -

i. वाणिज्य विभाग ने विभिन्न उत्पाद समूहों / क्षेत्रों के निर्यात संवर्धन के लिए निर्यात संवर्धन परिषदों की स्थापना की है। जड़ी बूटी एवं औषधीय पौधों के निर्यात संवर्धन का कार्य, चपड़ा एवं वन्य उत्पाद निर्यात संवर्धन परिषद (शेफेक्शील), कोलकाता में मुख्यालय को सौंपा गया है। अन्य के अलावा कई जड़ी बूटी उत्पादों का निर्यात संवर्धन का कार्य फार्मास्यूटिकल निर्यात संवर्धन परिषद (फार्मेक्शील) को सौंपा गया है । ये ईपीसी निर्यातक समुदाय को सुविधा प्रदान करती हैं और अपने उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न निर्यात संवर्धनात्मक उपाय करते है।

ii. वाणिज्य विभाग की बाजार पहुंच पहल (एमएआई) स्कीम के तहत ईपीसी /व्यापार निकायों को व्यापार मेलों, क्रेता विक्रेता बैठक (बीएसएमएस), रिवर्स क्रेता विक्रेता बैठक (आरबीएसएमएस), शोध एवं उत्पाद विकास, बाजार अध्ययन आदि में भागीदारी एवं इनके आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

iii. भारत से पण्यवस्तु निर्यात स्कीम (एमईआईएस) निर्दिष्ट वस्तुओं के लिए निर्यातक समुदाय को प्रोत्साहन प्रदान करती है ताकि भारत में उत्पादित उत्पादों के निर्यात के संबंध में अवसंरचनात्मक अक्षमताओं और संबंधित लागतो की भरपाई की जा सके, उनको विशेष बल देता है जो भारत के निर्यात हित में है तथा रोजगार सृजन एवं विश्व बाजार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देने की क्षमता रखती हों ।

iv ' निर्यात बंधु स्कीम' को 'कौशल भारत' और व्यापार संवर्धन /जागरूकता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नया रूप देते हुए और पुनर्निर्धारित किया गया है ।

v आयुष मंत्रालय की अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता स्कीम निर्यातकों को व्यापार मेलों में भागीदारी, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार बैठक एवं सम्मेलन का आयोजन एवं उत्पाद पंजीकरण प्रतिपूर्ति के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

vi राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड (एनएमपीबी), आयुष मंत्रालय, भारत सरकार ने औषधीय पौधो में बेहतर कृषि परिपाटी (जीएपी) एवं बेहतर क्षेत्र संग्रह परिपाटी (जीएफसीपी) को प्रोत्साहित करने के क्रम में 22 नवंबर, 2017 को "औषधीय पादप उत्पाद के लिए स्वैच्छिक प्रमाणीकरण स्कीम (वीसीएसएमपीपी)" आरंभ की है। वीसीएसएमपीपी देश में औषधीय पादप कच्ची सामग्री की प्रमाणीकृत गुणवत्ता की उपलब्धता को बढ़ायेगा और उनके निर्यात को बढ़ावा देगा तथा जड़ी बूटी के वैश्विक निर्यात में भारतीय हिस्सेदारी को बढ़ाएगा।

vii. आयुष मंत्रालय अपने गुणवत्ता प्रमाणन कार्यक्रम जैसे आयुष चिह्न और प्रीमियम चिह्न के माध्यम से भी गुणवत्ता मानकों को स्थापित करने में उद्योग की सहायता कर रहा है।

viii. आयुष मंत्रालय पारंपरिक औषधि के संवर्धन के लिए कुछ देशों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए है जो दीर्घ अवधि में निर्यात सहायक होगा।

******

अनुबध-I

विगत 3 वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष (नवंबर 18 तक) के लिए शेफेक्सिल के पौधे एवं पौधे के हिस्सा पैनल के (अम.डा.मिलियन में) का विवरण

	निर्यात बाजार देश	2015-16	2016-17	2017-18	अप्रैल-नवंबर 2018-19
1	**अफगानिस्तान टीआईएस**	**0.81**	**0.83**	**3.79**	**1.63**
2	**अल्बानिया**		**0.01**		**0.01**
3	**अल्जीरिया**	**0.11**	**0.18**	**0.35**	**0.52**
4	**अंगोला**			**0.00**	**0.00**
5	**अर्जेंटीना**	**0.14**	**0.16**	**0.33**	**0.16**
6	**आर्मेनिया**			**0.00**	**0.00**
7	**अरूबा**				**0.00**
8	**ऑस्ट्रेलिया**	**5.60**	**6.97**	**7.02**	**4.81**
9	**ऑस्ट्रिया**	**1.95**	**3.17**	**3.79**	**1.27**
10	**अज़रबैजान**			**0.01**	**0.00**
1 1	**बहामास**				**0.00**
12	बहरीन आईएस	**0.60**	**0.53**	**0.47**	**0.11**
13	**बंगलादेश पी आर**	**5.92**	**3.88**	**3.71**	**2.85**
14	**बारबाडोस**		**0.00**		**0.00**
15	**बेलारूस**		**0.00**	**0.01**	**0.00**
16	**बेल्जियम**	**4.19**	**4.85**	**6.46**	**3.88**
17	**बेलीज़**		**0.00**		**0.00**
18	**बेनिन**		**0.00**		**0.00**
19	**भूटान**				**0.01**
20	**बोलिविया**		**0.02**	**0.03**	**0.00**
21	**बोस्निया हर्जगोविन**	**0.00**	**0.00**	**0.00**	**0.00**
22	**बोत्सवाना**	**0.00**	**0.01**	**0.02**	**0.00**
23	**ब्राज़ील**	**1.08**	**1.23**	**1.58**	**1.33**
24	**ब्रुनेई**	**0.00**	**0.02**	**0.00**	**0.00**
25	**बुल्गारिया**	**0.12**	**0.16**	**0.14**	**0.10**
26	**बुर्किना फासो**		**0.00**		**0.00**
27	**सी अफ्रिकन गणराज्य**				**0.00**
28	**कंबोडिया**		**0.00**	**0.01**	**0.19**
29	**कैमरून**		**0.00**	**0.00**	**0.00**
30	**कनाडा**	**2.98**	**3.59**	**3.48**	**2.69**
31	**केमैन आईएस**			**0.00**	**0.00**
32	**चिली**	**0.35**	**0.28**	**0.36**	**0.33**
33	**चीन पीआर**	**6.74**	**5.44**	**9.94**	**9.63**
34	**कोलंबिया**	**0.71**	**0.63**	**1.08**	**0.37**
35	**कांगो डी.रीप.**	**0.00**	**0.00**	**0.01**	**0.13**
36	**कांगो डी.रीप.**		**0.00**	**0.01**	**0.02**
37	**कोस्टा रिका**	**0.36**	**0.31**	**0.41**	**0.16**
38	कोड डी आईवरी			**0.00**	**0.00**
39	**क्रोएशिया**	**0.08**	**0.02**	**0.03**	**0.06**
40	**क्यूबा**				**0.00**

41	साइप्रस		0.00	0.00	0.00
42	चेक गणतंत्र	0.72	0.70	0.70	0.24
43	डेनमार्क	4.25	3.19	4.22	0.48
44	ज़िबूटी	0.01	0.00	0.00	0.00
45	डोमिनिक रीप.	0.02	0.01	0.04	0.01
46	डोमिनिका				0.00
47	इक्वाडोर	0.08	0.07	0.12	0.13
48	मिश्र एआरपी	1.00	0.76	0.72	0.90
49	एल साल्वाडोर	0.04	0.00	0.12	0.03
50	एस्टोनिया	0.08	0.09	0.11	0.08
51	यूथोपिया	0.00		0.03	0.03
52	फारो आईएस				0.04
53	फिजि आईएस	0.00	0.00	0.01	0.01
54	फिनलैंड	0.01	0.33	0.59	0.19
55	फ्रांस	4.58	6.01	7.30	3.63
56	गैबॉन				0.00
57	जॉर्जिया	0.01	0.01	0.01	0.04
58	जर्मनी	31.67	30.95	46.78	24.75
59	घाना	0.00	0.01	0.03	0.01
60	ग्रीस	0.10	0.08	0.04	0.07
61	गुआडेलूप	0.00	0.01	0.00	0.01
62	ग्वाटेमाला	0.26	0.95	0.66	0.20
63	गिन्नी	0.00			0.00
64	गुयाना	0.01	0.00	0.00	0.00
65	होंदुरास	0.02	0.00	0.02	0.01
66	हॉगकॉग	0.66	0.14	0.07	0.08
67	हंगरी	0.51	0.41	0.50	0.21
68	आइसलैंड	0.00	0.00		0.00
69	इंडोनेशिया	2.92	1.59	1.45	1.19
70	ईरान	3.07	4.44	3.83	2.46
71	इराक	0.18	0.32	0.50	0.24
72	आयरलैंड	0.22	3.74	2.60	1.63
73	इजराइल	0.23	0.32	0.66	0.12
74	इटली	12.11	12.82	15.56	8.09
75	जमैका	0.00	0.00	0.00	0.00
76	जापान	7.14	5.59	5.57	3.61
77	जॉर्डन	0.13	0.05	0.08	0.04
78	कजाकिस्तान	0.00	0.01	0.00	0.01
79	केन्या	0.07	0.04	0.07	0.02
80	कोरिया डीपी आरपी	0.09	0.00	0.00	0.00
81	कोरिया आरपी	3.29	4.03	4.63	2.96
82	कुवैत	0.71	0.92	0.98	0.31
83	किरगीस्तान	0.00		0.00	0.00
84	लातविया	0.39	0.36	0.29	0.26
85	लेबनान	0.05	0.02	0.07	0.04

86	लाइबेरिया			0.00	0.00
87	लीबिया	0.00	0.08	0.13	0.00
88	लिथुआनिया	0.24	0.27	0.42	0.13
89	लक्ज़मबर्ग	0.00	0.00		0.00
90	मकाऊ				0.00
91	मैसेडोनिया	0.05	0.06	0.04	0.04
92	मेडागास्कर		0.46		0.00
93	मलावी	0.00	0.00		0.00
94	मलेशिया	4.45	6.20	4.54	2.51
95	मालदीव	0.01	0.02	0.01	0.01
96	माली	0.01			0.00
97	माल्टा				0.00
98	मार्टीनिक	0.00		0.01	0.00
99	मॉरीशस	0.14	0.12	0.14	0.15
100	मेक्सिको	4.15	6.09	3.86	2.09
101	मोल्डोवा				0.00
102	मंगोलिया		0.00	0.00	0.00
103	मॉटेनेग्रो	0.00	0.00		0.00
104	मॉटेसेराट				0.00
105	मोरक्को	0.14	0.30	0.37	0.18
106	मोज़ाम्बिक	0.01	0.00	0.00	0.00
107	म्यांमार	0.31	0.41	0.53	0.21
108	नामिबिया		0.00		0.00
109	नेपाल	1.01	1.30	1.91	0.86
110	नीदरलैंड	4.92	3.45	5.19	1.82
111	नीदरलैंडएटिल		0.12	0.00	0.00
112	न्यू कैलेडोनिया	0.00			0.00
113	न्यूज़ीलैंड	0.47	0.43	0.42	0.35
114	निकारागुआ		0.00	0.00	0.00
115	नाइजीरिया	0.00	0.04	0.05	0.11
116	नॉर्वे	0.06	0.05	0.16	0.04
117	ओमान	0.25	0.33	0.51	0.04
118	पाकिस्तान आईआर	17.45	13.17	10.01	9.14
119	पनामा रिपब्लिक	0.37	0.01	0.01	0.00
120	पपुआ एन जीएनए			0.00	0.00
121	पैराग्वे	0.00	0.00	0.00	0.01
122	पेरु	0.02	0.00	0.01	0.02
123	फिलिपींस	3.46	2.26	2.72	1.72
124	पोलैंड	1.23	1.94	2.01	0.94
125	पुर्तगाल	0.06	0.07	0.02	0.04
126	कतर	0.65	1.07	1.08	0.21
127	रीयूनियन	0.00	0.00	0.00	0.01
128	रोमानिया	0.43	0.43	0.48	0.60
129	रूस	0.62	0.83	0.88	0.64
130	साओ टोम				

131	सउदी अरब	3.64	2.95	3.36	1.06
132	सेनेगल	0.00			0.00
133	सर्बिया	0.03	0.05	0.06	0.02
134	सेशल्स	0.00	0.00	0.00	0.00
135	सियरा लिओन			0.00	0.00
136	सिंगापुर	0.64	0.44	0.56	0.37
137	स्लोवाक रीप	0.02	0.03	0.13	0.07
138	स्लोवेनिया	0.11	0.19	0.13	0.22
139	सोमालिया	0.00	0.12	0.08	0.02
140	दक्षिण अफ्रीका	1.06	0.79	0.75	0.55
141	स्पेन	1.83	1.67	2.41	1.47
142	श्री लंका डीएसआर	2.06	2.34	2.11	1.45
143	सेंट लूसिया		0.00	0.00	0.00
144	सेंट विसेंट				0.00
145	सूडान	0.02	0.11	0.25	0.01
146	सूरीनाम	0.00	0.00	0.00	0.00
147	स्वाज़िलैंड		0.00		0.00
148	स्वीडन	0.68	0.45	0.63	0.21
149	स्विट्ज़रलैंड	0.37	0.33	0.44	0.28
150	सीरिया	0.08	0.04	0.02	0.01
151	ताइवान	3.05	2.17	1.97	1.42
152	तंजानिया रीप.	0.11	0.03	0.12	0.04
153	थाईलैंड	2.54	2.44	2.63	1.28
154	टोगों	0.00	0.01		0.00
155	त्रिनिदाद	0.01	0.00	0.01	0.01
156	ट्यूनीशिया	0.03	0.09	0.06	0.07
157	तुर्की	0.63	0.46	0.94	0.43
158	संयुक्त अरब अमिरात	6.84	6.42	6.37	1.88
159	यूके	10.56	9.58	10.41	6.65
160	अमेरीका	79.06	90.43	99.00	63.74
161	युगांडा	0.00	0.01	0.04	0.07
162	यूक्रेन	0.07	0.10	0.13	0.09
163	उरुग्वे	0.05	0.07	0.05	0.05
164	उज़बेकिस्तान	0.02	0.03	0.03	0.04
165	वेनेज़ुएला	0.02	0.04		0.00
166	वियतनाम सोश.रीप.	13.25	17.55	20.15	19.60
167	यमन रिपब्लिक	0.02	0.05	0.08	0.04
168	जाम्बिया	0.00	0.00	0.00	0.00
169	ज़िम्बावे	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल		274.14	289.07	330.18	205.45

टिप्पणी: **2018-19 के लिए आंकड़े अनंतिम हैं और परिवर्तन के अध्यधीन हैं**

स्रोत: डीजीसीआई एण्ड एस

2015-16 से 2018-19 (18 नवंबर तक) के दौरान भारत से आयुष और हर्बल उत्पादों का निर्यात मिलियन अमरीकी डालर में

निर्यात का देश	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19 (नवंबर 18 तक)
अफगानिस्तान	0.94	1.06	4.27	1.95
अल्बानिया	0.00	0.01		0.01
अल्जीरिया	1.59	2.12	1.79	1.19
एंडोरा				0.01
अंगोला	0.26	0.24	0.54	0.59
एंग्विला				0.00
एंटीगुआ	0.01	0.01	0.02	0.02
अर्जेंटीना	0.14	0.16	0.29	0.16
आर्मेनिया	0.02	0.01	0.03	0.03
ऑस्ट्रेलिया	6.02	8.66	9.42	6.06
ऑस्ट्रिया	1.97	3.18	3.86	1.34
अज़रबैजान	0.25	0.16	0.18	0.10
बहामास	0.00		0.00	0.00
बहरीन आई एस	0.62	0.51	0.51	0.33
बंगलादेश रिपब्लिक	5.95	4.02	5.14	4.05
बारबाडोस	0.06	0.10	0.13	0.03
बेलारूस	0.35	0.08	0.46	0.08
बेल्जियम	4.34	4.98	6.25	3.60
बेलीज़	0.00	0.00	0.01	0.00
बेनिन	0.09	0.01	0.05	0.09
भूटान	0.32	0.14	0.18	0.52
बोलिविया	0.00	0.03	0.04	0.01
बोस्निया हर्रजगोविन	0.03	0.01	0.02	0.00
बोत्सवाना	0.01	0.01	0.01	0.02
बीआर वर्जिन आई एस	0.00			
ब्राज़ील	1.02	1.19	1.69	1.36
ब्रुनेई	0.01	0.00	0.02	0.00
बुल्गारिया	0.54	0.58	1.18	0.62
बुर्किना फासो	0.00	0.00	0.03	0.03
बुरूंडी	0.01	0.02	0.03	0.01
सी अफ्रीका रिपब्लिक				0.00
कंबोडिया	0.23	0.23	0.29	0.46
कैमरून	0.01	0.06	0.02	0.01
कनाडा	2.80	3.60	3.81	2.97
केमैन आईएस	0.00	0.00	0.00	0.01
चाड		0.00	0.00	

चिली	0.35	0.28	0.35	0.34
चीन पी रिपब्लिक	6.95	5.90	9.97	9.32
कोलंबिया	0.73	0.64	1.10	0.37
कोमोरोस				0.00
कांगो डी गणराज्य	0.12	0.06	0.27	0.58
कांगो पी गणराज्य	0.05	0.04	0.09	0.08
कोस्टा रिका	1.14	0.76	0.78	0.53
कोट डी आइबरी	0.05	0.02	0.03	0.19
क्रोएशिया	0.08	0.06	0.05	0.09
साइप्रस		0.01	0.01	0.01
चेक गणतंत्र	0.94	1.07	1.12	0.43
डेनमार्क	4.24	3.24	4.18	0.49
ज़िबूटी	0.01	0.00	0.00	
घरेलू प्रतिनिधि	0.02	0.01	0.02	0.01
डोमिनिका	0.00	0.00	0.01	0.01
इक्वाडोर	0.12	0.16	0.20	0.16
मिश्र ए गणराज्य	1.38	1.16	1.10	1.31
एल साल्वाडोर	0.04	0.01	0.12	0.03
ईक्यूट गुरना		0.00	0.00	0.00
इरिट्रिया	0.01			
एस्टोनिया	0.25	0.32	0.83	0.08
इथिपिया		0.15	0.03	0.12
फारो आई एस				0.04
फिजी आई एस	0.21	0.23	0.27	0.21
फिनलैंड	0.61	0.40	0.76	0.22
फ्रांस	6.43	9.84	11.63	7.47
गैबॉन	0.00		0.00	
गाम्बिया	0.03	0.04	0.01	0.02
जॉर्जिया	0.13	0.15	0.14	0.06
जर्मनी	27.99	27.99	43.07	21.80
घाना	3.52	2.65	2.40	1.58
यूनान	0.12	0.12	0.09	0.04
ग्रेनेडा	0.01	0.02	0.03	0.03
गुआडेलूप	0.01	0.04	0.01	0.02
ग्वाटेमाला	0.39	1.31	0.83	0.26
गिनी	0.02	0.11	0.13	0.04
गिनी बिसाऊ			0.00	0.00
गुयाना	0.05	0.08	0.10	0.04
हैती	0.01		0.01	0.00
होंदरास	0.02	0.00	0.06	0.05
हॉगकॉग	1.96	1.14	2.36	2.36
हंगरी	0.61	0.53	0.62	0.32
आइसलैंड	0.00	0.00		0.00
इंडोनेशिया	2.92	1.89	2.14	1.27

ईरान	3.00	3.75	2.32	1.21
इराक	1.60	2.35	2.96	1.91
आयरलैंड	0.47	3.98	2.80	1.80
इजराइल	0.23	0.35	0.74	0.23
इटली	14.24	16.10	19.90	10.93
जमैका	0.00	0.00	0.01	0.12
जापान	12.05	11.18	7.17	2.96
जॉर्डन	0.29	0.17	0.27	0.10
कजाकिस्तान	1.35	0.45	1.06	0.74
केन्या	2.68	2.88	3.35	1.58
कोरिया डीपी गणराज्य	0.13	0.06	0.10	0.02
कोरिया गणराज्य	3.42	4.10	4.91	3.20
कुवैत	1.12	1.18	1.38	0.83
किरगिस्तान	0.23	0.15	0.34	0.23
एलएओ पीडी आरपी	0.01	0.01	0.04	0.04
लातविया	2.02	2.63	3.10	2.01
लेबनान	0.08	0.06	0.11	0.12
लेसोथो	0.00		0.01	0.01
लाइबेरिया	0.04	0.03	0.08	0.09
लीबिया	0.02	0.26	0.11	0.13
लिथुआनिया	0.42	0.36	0.47	0.56
लक्ज़मबर्ग	0.00	0.00		0.00
मकाओ				0.00
मैसेडोनिया	0.06	0.06	0.04	0.05
मेडागास्कर	0.04	0.48	0.04	0.01
मलावी	0.06	0.04	0.12	0.08
मलेशिया	7.06	8.50	7.03	4.46
मालदीव	0.11	0.13	0.31	0.23
माली	0.00	0.00	0.03	0.02
माल्टा	0.02	0.05	0.00	0.01
मार्शल द्वीप				0.00
मार्टीनिक	0.01	0.01	0.01	0.00
मॉरिटानिया	0.01	0.01	0.01	0.04
मॉरीशस	1.07	1.73	1.42	1.47
मेक्सिको	4.18	6.05	3.68	2.01
माइक्रोनेशिया			0.00	0.00
मोल्डोवा	0.21	0.14	0.20	0.09
मंगोलिया	0.28	0.32	0.48	0.51
मोंटेनेग्रो	0.00	0.00		0.00
मोंटेसेराट				0.00
मोरक्को	0.34	0.58	0.52	0.25
मोज़ाम्बिक	0.03	0.03	0.01	0.01
म्यांमार	0.84	1.13	1.16	0.57
नामिबिया	0.00	0.04	0.02	

नेपाल	13.32	16.34	19.20	11.42
नीदरलैंड	3.67	3.17	3.84	1.98
नीदरलैंड एटिल	0.04	0.16	0.09	0.03
न्यू कैलेडोनिया	0.00			
न्यूजीलैंड	0.51	0.64	0.72	0.54
निकारागुआ	0.08	0.10	0.02	0.06
नाइजर	0.03	0.00	0.00	
नाइजीरिया	1.69	1.60	1.39	1.24
नॉर्वे	0.16	0.28	0.20	0.20
ओमान	0.56	0.83	0.96	0.75
पाकिस्तान आई आर	18.62	13.58	10.14	9.93
पलाउ			0.00	
पनामा प्रतिनिधि	0.38	0.09	0.20	0.03
पपुआ एन जीएनए	0.02	0.00	0.07	0.07
पैराग्वे	0.00	0.01	0.00	0.01
पेरु	0.12	0.01	0.07	0.04
फिलिपींस	2.94	2.66	2.52	1.95
पोलैंड	1.57	2.32	2.61	1.26
पुर्तगाल	0.07	0.07	0.03	0.05
कतर	0.47	0.74	0.83	0.97
रीयूनियन	0.01	0.01	0.02	0.01
रोमानिया	2.30	2.28	3.22	2.40
रूस	9.80	11.30	12.91	6.78
रवांडा			0.01	
समोआ		0.01		
सऊदी अरब	3.22	2.74	2.82	1.06
सेनेगल	0.05	0.00	0.01	0.00
सर्बिया	0.03	0.06	0.08	0.06
सेशल्स	0.02	0.02	0.05	0.03
सियरा लिओन	0.05	0.05	0.07	0.02
सिंगापुर	1.13	1.51	1.98	1.39
स्लोवाक रिप	0.04	0.05	0.15	0.08
स्लोवेनिया	0.12	0.11	0.18	0.16
सीलोमन ओ एस	0.00	0.00		
सोमालिया	0.01	0.14	0.16	0.04
दक्षिण अफ्रीका	2.60	2.98	3.35	2.48
स्पेन	4.21	3.63	4.92	3.34
श्री लंका डीएसआर	1.55	2.17	2.53	1.94
सेंट कीटीना	0.00	0.00	0.00	0.01
सेंट लूसिया	0.03	0.05	0.04	0.03
सेंट विसेंट	0.01	0.02	0.02	0.03
सूडान	0.43	0.47	0.64	0.54
सूरीनाम	0.02	0.02	0.02	0.03
स्वाज़िलैंड		0.00	0.00	0.02

स्वीडन	0.69	0.54	0.70	0.32
स्विट्ज़रलैंड	0.47	0.71	0.60	0.33
सीरिया	0.19	0.12	0.20	0.07
ताइवान	2.94	2.08	1.84	1.34
ताजिकिस्तान	0.62	0.74	0.97	0.53
तंजानिया की आरईपी	0.45	0.50	0.60	0.44
थाईलैंड	1.97	2.70	2.58	1.45
तिमोर-लेस्ते			0.01	0.01
जाना	0.01	0.02	0.07	0.01
टोंगा				0.00
त्रिनिदाद	0.27	0.29	0.23	0.22
ट्यूनीशिया	0.03	0.18	0.11	0.08
तुर्की	1.41	1.10	1.81	0.92
तुर्कमेनिस्तान	0.80	1.16	0.95	0.38
सयुक्त अरब अमिरात	19.47	18.84	20.11	13.86
यूके	11.11	10.58	11.34	7.38
अमेरीका	88.43	105.89	119.35	74.18
युगांडा	1.19	1.16	1.71	1.41
यूक्रेन	2.23	2.18	2.69	2.41
अनिर्दिष्ट	0.07		0.00	
उरुग्वे	0.05	0.07	0.05	0.05
उज़्बेकिस्तान	1.54	1.80	1.54	0.91
वनुआतरिप				0.00
वेनेज़ुएला	0.09	0.04	0.00	
वियतनाम सा.गणराज्य	12.68	17.64	19.29	18.49
यमन रिपब्लिक	0.33	1.85	1.42	0.72
जाम्बिया	0.20	0.31	0.41	0.24
ज़िम्बावे	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल योग	**364.00**	**401.68**	**456.12**	**290.96**

2018-19 के लिए आंकड़े अनंतिम हैं और परिवर्तन के अध्यधीन है।

***

भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 4301**

दिनांक 7 जनवरी, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

अंगूर के किसानों और निर्यातकों द्वारा उठाया गया घाटा

4301. श्री हरिश्चन्द्र चव्हाणः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने वर्ष 2010 के दौरान अंगूर के किसानों और निर्यातकों द्वारा उठाए गए घाटे का संज्ञान लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने अगस्त 2018 में अंगूर के किसानों और निर्यातकों को वर्ष 2010 में हुए घाटे की क्षतिपूर्ति के संबंध में कोई प्राकलन सौंपा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा आज की तिथि तक अंगूर के किसानों और निर्यातकों को हुए घाटे की क्षतिपूर्ति हेतु क्या कार्रवाई की गई है/प्रयास किए गए हैं?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री सी.आर.चौधरी)

(क) जी हॉ ।

(ख) वर्ष 2010 में यूरोपीय संघ द्वारा खेपों की अस्वीकृति के कारण कुछ निर्यातकों को घाटा उठाना पड़ा । यह अस्वीकृति क्लोरोमैक क्लोराइड (सीसीसी) के पता लगने के कारण हुई । राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केन्द्र (एनआरसी) पुणे, के परामर्श के साथ कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने 2003 - 04 में अंगूर के लिए एक अवशिष्ट निगरानी योजना (आरएमपी) पेश की थी जिसमें यूरोपीय संघ को अंगूर निर्यात के लिए अवशिष्ट के लिए लदान पूर्व अनिवार्य परीक्षण अपेक्षित है । इसे लागत प्रभावी बनाने के लिए एनआरसी ने निर्यात - पूर्व परीक्षण के लिए रसायनों की संख्या को सीमित किया था और सीसीसी आरएमपी परीक्षण के लिए रसायनों की सूची में नहीं था। वर्ष 2010 में, यूरोपीय संघ ने सीसीसी की उपस्थिति के संबंध में परीक्षण को अचानक लागू किया तथा इसकी उपस्थिति के कारण अंगूर के कई खेप यूरापीय संघ द्वारा अस्वीकृत कर दिए गये थे ।

अंगूर के खेपो में कीटनाशी अवशिष्ट के पहचान के कारण यूरोपीय संघ द्वारा आसन्न प्रतिबंध के सम्मुख अवशिष्ट निगरानी योजना (आरएमपी) को प्रस्तावित किया गया था । आरएमपी को निर्यात को सुचारू बनाने एवं रसायन अवशिष्ट के पहचान के कारण अस्वीकृति के अवसर को कम करने के लिए प्रस्तावित किया गया था । लागत को सीमित करने के उद्देश्य से आरएमपी के तहत परीक्षण एनआरसी, अंगूर, पूणे द्वारा निर्धारित एक यादृच्छिक नमूना प्रक्रिया के माध्यम से केवल सीमित संख्या में रसायनों के लिए किया गया था । यह प्रक्रिया निर्यातकों को यूरोपीय संघ द्वारा आवश्यक मानकों को पूरा करने से विमुक्त नहीं करती है यह प्रक्रिया 400 से अधिक रसायनों के लिए सीमा निर्धारित करती है ।

(ग एवं घ) यह महाराष्ट्र सरकार/एनआरसी - अंगूर द्वारा करवाए गए एफओबी लागत विश्लेषण पर आधारित हैं । निर्यातकों द्वारा उठाए गए घाटे के लिए एपीडा ने 9.61 करोड़ रूपए का अनुमान प्रस्तुत किया है ।

(ड.) इस मुद्दें को वित्त मंत्रालय के साथ उठाया गया था और उनके सलाह पर दावों के सत्यापन के लिए सलाहकार लागत के कार्यालय को भेजा गया था । मुख्य सलाहकार लागत के कार्यालय की सलाह से, उत्पादन लागत के विश्लेषण के लिए मामले को अब कृषि लागत और मूल्य आयोग को भेज दिय गया है ।

*****

भारत सरकार | लोक सभा

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | अतारांकित प्रश्न सं. **4273**

<u>दिनांक 07 , जनवरी 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

विश्व व्यापार संगठन में मुद्दे

4273. कुमारी सुष्मिता देवः

श्री ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधियाः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अनेक सदस्य विवादों के समाधान के लिए गतिरोध को समाप्त करने का प्रयास करने हेतु एक साथ आए हैं क्योंकि युनाइटेड स्टेट्स ने विवाद निपटारा निकाय में मामलों को सुनने के लिए नए सदस्यों की नियुक्ति अवरुद्ध कर दी है;

(ख) यदि हां, तो भारत के मामलों, जो विश्व व्यापार संगठन की विवाद निपटारा निकाय के अंतर्गत हैं, का ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उन मुद्दों के समाधान के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं/कदम उठाए जा रहे हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री</u>

<u>(श्री सी.आर. चौधरी)</u>

(क): जी हां, संयुक्त राज्य ने कुछ सर्वांगी और प्रक्रियात्मक मुद्दों पर डब्ल्यू टी ओ अपीलीय निकाय के सदस्यों की नई नियुक्ति पर रोक लगा दी है । भारत सहित, डब्ल्यूटीओ के 164 में से लगभग एक चौथाई सदस्यों ने प्रत्येक संगत डब्ल्यूटीओ की बैठक में इन मामलों पर चिंता व्यक्त की है । इसके अतिरिक्त , भारत ने यूरोपीय संघ और 12 अन्य देशों सहित डब्ल्यूटीओ सामान्य परिषद से संयुक्त राज्य द्वारा अपीलीय निकाय सदस्यों की नियुक्ति सहित विवाद निपटान निकाय की कार्य प्रणाली एवं प्रचालन के मुद्दे के समाधान हेतु पत्र व्यवहार किया है ।

(ख) और (ग) : डब्ल्यूटीओ में भारत के 7 विवाद हैं जो निपटान के विभिन्न चरणों (अनुबंध 1 के विवरणानुसार) पर हैं । भारत अनुभवी कानूनी फर्मों की सहायता से इन विवादों में अपने हितों की रक्षा कर रहा है।

****

अनुबंध - 1

डब्ल्यूटीओ में भारत के विवाद

(i). डीएस 430 - संयुक्त राज्य से कुक्कुट और कुक्कुट उत्पादों का आयात, शिकायतकर्ता : भारत

(ii). डीएस 436 - भारतीय इस्पात उत्पादों पर संयुक्त राज्य द्वारा प्रतिकारी शुल्क ,शिकायतकर्ता : भारत

(iii). डीएस 456 - संयुक्त राज्य के साथ राष्ट्रीय सौर मिशन विवाद, शिकायतकर्ता : भारत

(iv). डीएस 510 - संयुक्त राज्य का 'सब - फेडरेल रीन्यूएबल एनर्जी प्रोग्राम, शिकायतकर्ता : भारत

(v). डीएस 518 - भारत- जापान से लोहा और स्टील के आयात पर विशिष्ट उपाय शिकायतकर्ता : जापान

(vi). डीएस 541 - भारत के निर्यात सब्सिडी उपाय , शिकायतकर्ता: संयुक्त राज्य

(vii). डीएस 547 - संयुक्त राज्य - इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर संयुक्त राज्य के विशिष्ट उपाय, शिकायतकर्ता : भारत

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4266**

<u>दिनांक 07 , जनवरी 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

मूल्य संवर्धित कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का निर्यात

4266. श्रीमती सुप्रिया सुलेः
डॉ॰ हिना विजयकुमार गावीतः
श्री धनंजय महाडीकः
श्री सातव राजीव :
श्री मोहिते पाटिल विजयसिंह शंकररावः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न देशों को मूल्य संवर्धित कृषि उत्पादों/प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का कितना निर्यात किया गया है और इस निर्यात से कुल कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई है;
(ख) क्या मूल्य संवर्धित कृषि उत्पादों और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी अन्य विकासशील देशों की तुलना में बेहद कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;
(ग) उक्त अवधि के दौरान देश से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और इस प्रयोजनार्थ निर्यातकों को क्या प्रोत्साहन दिए गए हैं;
(घ) क्या अन्य देशों से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के आयात हेतु अनुमति प्रदान करने में सरकार ने उदार दृष्टिकोण अपनाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं और इसके क्या प्रभाव पड़े हैं; और
(ङ) क्या किसी मूलभूत कृषि उपज के निर्यात पर प्रतिबंध लगे होने के बावजूद सरकार ने प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को अनुमति देने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं और घरेलू बाजार में इन वस्तुओं के मूल्य पर इसका क्या प्रभाव पड़ा है?

<u>उत्तर</u>

<u>वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री</u>

<u>(श्री सी.आर. चौधरी)</u>

(क) :पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान भारत के मूल्यवर्धित कृषि/प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात का विवरण अनुबंध -1 पर दिया गया है ।

(ख) : मूल्यवर्धित कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के वैश्विक व्यापार में भारत की हिस्सेदारी संबंधी आंकडों का रख - रखाव नहीं किया गया ।

(ग) : देश से मूल्यवर्धित कृषि /प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात का संवर्धन एक अनवरत प्रक्रिया है । नई लागू कृषि निर्यात नीति में यह प्रावधान किया गया है कि प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों के निर्यात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और ये किसी भी प्रकार के निर्यात प्रतिबंध के क्षेत्राधिकार में नहीं लाए जाऐंगे । कृषि उत्पादों के निर्यात सहित निर्यात संवर्धन हेतु वाणिज्य विभाग की अनेक योजनाएं जैसे निर्यात के लिए व्यापार अवसंरचना योजना (टीआईईएस), बाजार पहुंच पहल (एमएआई) योजना इत्यादि हैं । भारत से पण्यवस्तु निर्यात योजना (एमईआईएस) के अंतर्गत निर्यातकों को विभिन्न मूल्य वर्धित कृषि /प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं पर प्रोत्साहन दिया जाता है । इसके अतिरिक्त , कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) तंबाकू बोर्ड, चाय बोर्ड, कॉफी बोर्ड और मसाला बोर्ड की निर्यात संवर्धन योजना के अंतर्गत मूल्यवर्धित कृषि /प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात में निर्यातकों को सहायता दी जा रही है । ये संगठन अंतर्राष्ट्रीय मेलों और प्रदर्शनियों में भागीदारी, विभिन्न बाजारों में विभिन्न उत्पादों के लिए बाजार पहुंच प्राप्त करने की पहल करके,बाजार आसूचना के प्रसार, निर्यातित उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उपायों इत्यादि द्वारा निर्यातों को प्रोत्साहन दे रहें हैं ।

(घ): भारत वनस्पति तेल के अतिरिक्त किसी अन्य मूल्यवर्धित कृषि/प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं का सार्थक मात्रा में आयात नहीं करता । भारत वनस्पति तेल का सार्थक मात्रा में आयात करता है क्योंकि इसकी मांग को पूरा करने के लिए घरेलू उत्पादन पर्याप्त नहीं है ।

(ड.) : जी हां । नई लागू कृषि निर्यात नीति में इस आश्वासन का प्रावधान किया गया है कि प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद किसी भी प्रकार के निर्यात प्रतिबंध के क्षेत्राधिकार में नहीं लाए जाऐंगे (यथा न्यूनतम निर्यात मूल्य, निर्यात शुल्क, निर्यात प्रतिबंध, निर्यात कोटा , निर्यात सीमा, निर्यात परमिट इत्यादि) हालांकि प्राथमिक कृषि उत्पाद कुछ विशिष्ट निर्यात प्रतिबंधों के अंतर्गत आते हैं । यह उपाय गैर-आवश्यक कृषि उत्पादों के लिए एक नीति परिवेश उपलब्ध कराने एवं मूलभूत वस्तुओं के बजाय मूल्य वर्धित उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से किया गया है । चूंकि मूल्यवर्धित कृषि /प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं के निर्यात की मात्रा कुल घरेलू उत्पादन का एक बहुत छोटा हिस्सा है अत: घरेलू मूल्यों पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं है ।

अनुबंध -I

प्रसंस्कृत खाद्य / मूल्यवर्धित कृषि उत्पादों का निर्यात

मात्रा: हजार इकाई में ; मूल्य: मिलियन अम.डॉ. में

		2015-16		2016-17		2017-18		2018-19 (अप्रैल- नव.)	
विवरण	**इकाई**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**	**मात्रा**	**मूल्य**
भैंस का मांस	टन	1314.22	4069.08	1323.58	3903.49	1350.25	4037.11	825.57	2482.55
मसाले	कि.ग्रा.	831681.12	2541.46	1014453.31	2851.95	1096322.85	3115.37	706439.46	2116.30
तेल खाद्य	टन	2056.36	553.01	2632.26	805.45	3570.78	1093.16	2531.45	818.13
अरण्डी का तेल	कि.ग्रा.	586778.44	705.20	599195.56	674.73	697092.50	1043.99	421212.09	574.67
कॉफी	कि.ग्रा.	255744.05	783.87	288613.37	842.84	317828.97	968.57	179676.12	532.25
काजू	टन	103.13	768.55	91.79	786.93	90.06	922.41	52.29	435.40
चाय	कि.ग्रा.	245701.97	720.03	243429.62	731.26	272894.98	837.36	175748.64	534.77
चीनी	टन	3844.45	1490.52	2544.01	1290.71	1757.93	810.90	1792.92	652.48
ग्वारगम खाद्य	टन	325.25	496.57	419.95	463.35	494.13	646.94	330.98	440.35
प्रसंस्कृत फल एवं जूस	कि.ग्रा.	532293.28	574.48	533152.10	584.79	573281.42	646.92	370200.41	406.99
अनाज से तैयार सामग्री	टन	316.54	513.03	339.95	531.70	353.35	552.61	222.13	353.96
विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं		0.00	444.28	0.00	455.59	0.00	550.55	0.00	431.12
मूंगफली	टन	542.73	620.36	725.71	809.60	504.04	524.82	310.47	299.76
तिलहन बीज	कि.ग्रा.	328455.73	459.77	307328.55	402.17	336850.37	463.90	225606.50	363.49
तंबाकू विनिर्मित	-	-	316.68	-	324.31	-	340.37	-	259.13
मादक पेय	लीटर	242095.45	310.31	232179.33	298.90	241013.37	326.67	165136.12	201.37
दुग्ध उत्पाद	कि.ग्रा.	77527.13	256.95	90352.31	253.73	102262.55	303.05	95036.77	258.40
प्रसंस्कृत सब्जियां	कि.ग्रा.	174427.54	258.92	192855.77	263.57	212203.36	282.87	151845.58	193.06
कोको उत्पाद	कि.ग्रा.	32652.56	193.31	25649.50	162.18	29579.53	177.47	17929.09	128.30
तैयार उत्पाद	कि.ग्रा.	431464.50	169.12	255803.65	121.37	270396.97	136.01	200683.67	99.76
भेड /बकरी का मांस	टन	21.95	128.38	22.01	129.69	22.80	130.90	15.92	88.81
वनस्पति तेल	टन	30.60	79.93	60.47	116.29	37.06	87.83	36.46	72.72
कुक्कुट उत्पाद	-	0.00	117.49	0.00	79.11	0.00	85.70	0.00	63.53
पशु की खाल	कि.ग्रा.	206.36	2.61	173.24	2.06	12424.66	50.68	10090.31	46.27
गुड	टन	818.57	101.01	390.67	47.06	123.97	15.06	340.84	33.62
काजू गिरी तरल	कि.ग्रा.	11677.26	8.83	11404.76	6.56	8325.16	5.06	4083.22	3.01
प्रसंस्कृत मांस	टन	0.28	0.96	0.14	0.69	0.27	1.54	0.24	1.10
अन्य मांस	टन	0.00	0.00	0.01	0.03	0.45	1.09	0.51	1.15
कुल			**16684.72**		**16940.12**		**18158.88**		**11892.45**

स्रोत: डी जी सी आई एण्ड एस

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4259**

दिनांक 07 , जनवरी 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए

चीनी सामान पर पाटन रोधी शुल्क

4259. श्री गजानन कीर्तिकरः

श्री रवनीत सिंहः

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पाटन रोधी और संबंधित शुल्कों संबंधी महानिदेशालय (डीजीएडी) ने चीनी सामान पर विश्व व्यापार संगठन की गैर–अनुपालना में कोई राजसहायता का पता लगाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इसने उन वस्तुओं पर पाटन–रोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने घरेलू कंपनियों को सस्ते आयातों से संरक्षित करने के लिए डिटरजेन्ट बनाने में प्रयोग किए जाने वाले एक चीनी रसायन पर पाटन–रोधी शुल्क लगाया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह शुल्क कितने समय तक लागू रहेगा;

(घ) क्या सरकार समिति के एक प्रतिवेदन के निष्कर्षों से अवगत है जिसमें कहा गया है कि चीनी इस्पात के आयातों में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार ने उक्त समिति द्वारा की गई सिफारिश के अनुसार कठोर उपाय कार्यान्वित किए हैं; और

(च) क्या सरकार चीन से सस्ता इस्पात आयात करने से रोजगार पर पड़ने वाले प्रभाव से अवगत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री

(श्री सी.आर. चौधरी)

(क) : सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1975 और सीमा शुल्क टैरिफ (पहचान, मूल्यांकन और सब्सिडाइज्ड वस्तुओं पर प्रतिकारी शुल्क का एकत्रण तथा क्षति का निर्धारण) नियम 1995 के प्रावधानों के अंतर्गत चीन से आयातित निम्नलिखित उत्पादों पर व्यापार प्रतिकार महानिदेशालय (डीजीटीआर) भूतपूर्व डीजीएडी ने चीनी वस्तुओं पर सब्सिडी की जांच की है और प्रतिकारी/गैर सब्सिडी शुल्क अधिरोपित किया है :-

